कोलकत्ता के मंदिर की तर्ज पर बन रहा है मां का दरबार

जिंद बाबा समिति द्वारा लगाई जा रहीं झांकी में 40 लाख के गहनों के आभूषणों से होगा माता का श्रृंगार

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। आदि शक्ति मां भवानी की भक्ति का पर्व शारदीय नवरात्र सोमवार से प्रारंभ हो रहे है, जिसके चलते जिलेभर में माता के भक्तों द्वारा तैयारियां की जा रहीं है। जहां एक ओर लोग व्रत रखकर आदि शक्ति की पूजा और आराधना करेंगे, तो वहीं कई श्रद्धालु अपने अपने घरों में घट स्थापना करेंगे, वहीं शारदीय नवरात्र के अवसर पर जिलेभर में एक सैंकड़ो से अधिक स्थानों पर माता के पंडाल सजाये जा रहे है, जिन्हें अंतिम रूप देने आयोजकों समिति के लोग जुटे हुए है। तो वहीं शहर की सबसे प्रचलित और पुरानी झांकी समिति जिंद बाबा समिति द्वारा इस बार भी माता रानी का दरबार सजाया जा रहा है, वहीं झांकी पंडाल को कोलकत्ता के मंदिर पर बनाया जा रहा है, सबसे बड़ी बात ये है कि इस बार की झांकी मां अम्बे का करीब 40 लाख रूपये के गहनों से श्रृंगार किया जावेगा।

दरअसल हिन्दू धर्म में शारदीय नवरात्र का विशेष महत्व है, जिसके चलते श्रद्धालु आदि शक्ति मां भवानी की उपासना करने के

लिए तरह तरह के जतन करते है। जिसके चलते जहां लोग अपने घरों में घट स्थापना करते है, तो वहीं कई लोग विभिन्न शक्ति पीठो के नाम के ज्वारे बोते है। जिन्हें दशहरा पर विसर्जित किया जाता है। इस बार के नवरात्रों को लेकर विद्वानों में अलग अलग मत है, जिसके चलते सूर्य ग्रहण होने पर लोग इसे नौ दिन का बता रहे है, तो वहीं कई विद्वान इस बार के नवरात्र दस दिवसीय बताये जो रहे है।

37 वे वर्ष जिंद बाबा समिति लगा रहीं झांकी लगा रहीं :

शहर के इंद्रा पार्क स्थित जिंदबाबा मंदिर के समीप जिंद बाबा समिति द्वारा माता का पांडाल सजाया

जाता है। इस बार समिति 37 वर्ष माता की झांकी लगा रहीं है। पंडाल की विशेषता को लेकर समिति के संयोजक एवं पार्षद महेंद्र भारद्वाज ने बताया कि इस बार माता का दरबार कोलकत्ता में स्थित मां के मंदिर की तर्ज पर पर बनाया जा रहा है, जो लोगों के बीच आकर्षक का केंद्र है। झाकी के निर्माण समिति के सदस्यों ने बताया कि पांडाल सजाने का एक कार्य विगत एक माह से जारी है, वहीं पंडाल में विराजमान करने के लिए प्रतिमा गुना से लाई जाएगी। झांकी के दौरान लोगों ने शिव शक्ति का रूप देखने को मिलेगा।

40 लाख के गहनों से होगा श्रृंगार, सुरक्षा में तैनात रहेगे गार्ड :

जिंद बाबा समिति के संयोजक महेंद्र भारद्वाज ने बताया कि इस बार माता रानी का श्रृंगार 40 लाख रूपये के गहनों से किया जावेगा। जिनमें 10 लाख रुपए के चांदी के आभूषण और 30 लाख रुपए स्वर्ण आभूषण समिल्लित रहेगें। इन आभूषणों का निर्माण गुजरात में कराया गया है, जो समिति को प्राप्त जायेगे और माता रानी के लिए समर्पित किए जाएंगे। वहीं श्री भारद्वाज ने बताया कि माता रानी का श्रृंगार लाखों के गहनों से किया जावेगा, जिसके लिए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा को लेकर एक चार गार्ड का दिया जावेगा, जो झांकी में हर समय उपस्थित रहेगा।

एक सैंकड़ा से अधिक स्थानों पर सज रहे मां के दरबार :

सोमवार से प्रारंभ हो रहे शारदीय नवरात्र के चलते जिलेभर में एक सैंकड़ा से अधिक स्थानों पर माता रानी के दरबार सजाये जा रहे है। जिनकी तैयारियां आयोजकों द्वारा दिन रात की जा रही है। वहीं कल से प्रारंभ होने से पूर्व आयोजन समिति द्वारा झांकि पांडाल को अंतिम रूप देने के लिए भरसक प्रयास किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जिले में शारदीय नवरात्र भक्तिभाव के साथ धूम धाम से मनाया जाता है, जिसके चलते जहां गांव गांव में ग्रामीणों द्वारा माता रानी के दरबार सजाये जाते है, तो वहीं शहर में एक सैंकड़ा स्थानों पर छोटे बड़े मां के पंडाल बनाये जाते है।

आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में आगामी त्यौहारों 22 सितम्बर को नवदुर्गा महोत्सव, 2 अक्टूबर को दशहरा एवं गांधी जयंती तथा 20 अक्टूबर को दीपावली सहित अन्य् त्यौहारों के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि आगामी त्यौहारों को श्रद्धाभक्ति,आपसी सौहार्द एवं सामंजस्यी के साथ मनाये। जिला प्रशासन द्वारा त्यौहारों पर आवश्यक व्यवस्था कराई जायेगी। उन्होंने नवदुर्गा पण्डालों की सुरक्षा हेतु नामजद वालेटिंयर नियुक्त किये जाने की अपेक्षा की। उन्होंने पण्डालों में एमपीईबी से अस्थाई कनेक्शन लिये जाने की बात कही। उन्होंने त्यौहारों के दौरान विशेष साफ- सफाई एवं यातायात व्यवस्था दुरूस्तं रखे जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। चल समारोह के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्था तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने दशहरा स्थल नवीन सब्जी मंडी पर सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण किये जाने के निर्देश मुख्य नगरपालिका अधिकारी को दिए। वहीं विसर्जन स्थल पर साफ-सफाई, फायर बिग्रेड, एम्बुलेंस, क्रेन रखे जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि भ्रमण कर सुनिश्चित करे कि पंडालों में कोई भी विद्युत तार खुले न हों। उन्होंने दीपावली पर्व पर पटाखा विक्रेताओं के लिए अस्थाई लायसेंस की प्रक्रिया यथाशीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने कहा आगामी त्यौहारों को पूर्ण श्रद्धाभाव के साथ मनाएं। पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने नवरात्रि के दौरान तेज आवाज कर आवश्यक प्रदूषण फैलाने वाले यंत्रों को प्रतिबंधित किया जायेगा। उन्होंने विसर्जन स्थल पर जिला होमगार्ड द्वारा तैराकों एवं गोताखोर की तैनाती की जाए। साथ ही पर्याप्त विद्युत व्यवस्था रखे जाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर डीएन सिंह,संयुक्त कलेक्टर आर सिण्डोस्कर, डिप्टी कलेक्टर मनीष धनगर, एसडीएम एसडीओपी विवेक शर्मा सहित जिला शांति समिति के सदस्य गएवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

एक नजर में

विभिन्न कालोनी में आज रहेगी चार घंटे की बिजली कटौती

अशोकनगर। मेंटेनेंस कार्य के चलते मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा रविवार चार घंटे शहर की कई कालोनियों की बिजली कटौती की जाएगी। जानकारी के अनुसार, 220/132/33 केवी ट्रांसमिशन उपकेंद्र में मेंटेनेंस कार्य के सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। शहर के प्रमुख क्षेत्रों में परासर मोहल्ला, लंबरदार मोहल्ला, गणेश कॉलोनी, अंबेडकर मोहल्ला और डॉ. कयाल नर्सिंग होम शामिल हैं। इसके अलावा खालसा कॉलोनी, शिवपुरी स्कूल, विदिशा रोड और चुंगी नाका भी प्रभावित होंगे। आजाद मोहल्ला, गांधी पार्क, गुरुद्वारा और रेलवे स्टेशन क्षेत्र में भी बिजली नहीं रहेगी। इंदिरा पार्क, सुराना चौराहा, पुराना बाजार और सुभाष गंज में भी कटौती होगी। इमाम चौकी, ऊर्जा कॉलोनी और बसंत बिहार कॉलोनी भी प्रभावित रहेंगी। महत्वपूर्ण सरकारी स्थानों जैसे जिला चिकित्सालय, कलेक्ट्रेट, कोर्ट परिसर में भी बिजली नहीं रहेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में 33 केवी कोलुआ, शाढ़ौरा, तमैन और अधाईखेड़ा फीडर से जुड़े गांव प्रभावित होंगे। इनमें शाढ़ौरा, तूमैन, कचनार, अनतपुर, मसीदपुर, मलावनी, बंगला चौराहा और रूसल्ला शामिल हैं। विद्युत कंपनी ने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर कटौती का समय घटाया या बढ़ाया जा सकता है।

मछली पकड़ने गए युवक की मिली लाश, पुलिस ने की शिनाख्त

अशोकनगर। जिले के ईसागढ़ में बस स्टैंड स्थित सिंह सागर तालाब युवक की लाश मिलने से हडकंप मच गया। वहीं घटना की जानकारी पुलिस को लगी तो वह मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त की गई। जहां मृतक की पहचान सीताराम केवट के रूप में हुई है। वह वार्ड नंबर 3 ईसागढ़ का निवासी था। शनिवार सुबह कुछ लोगों ने तालाब के किनारे शव को देखा। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला गया। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए ईसागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। परिजनों के अनुसार, सीताराम शुक्रवार शाम को मछली पकड़ने के लिए घर से निकला था। उसके बाद से वह लापता था। परिवार ने रात में उसकी तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

बारिश से बचने पेड़ के नीचे छिपा युवक आकाशीय बिजली से हुई मौत

अशोकनगर। जिले के पीपलखेड़ा गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। दरअसल उक्त व्यक्ति खेत पर घास काटने के लिए गया हुआ था, जहां बारिश शुरू होने के बाद पानी से बचने के लिए वह पेड़ के नीचे छिप गया, लेकिन उसी पेड़ पर बिजली आ गिरी जिसकी चपेट में आने से वह घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। दरअसल शुक्रवार शाम अरविंद अपने घर से खेत पर में घास काटने के लिए गया था। जहां बारिश शुरू होने पर अरविंद पास के पेड़ों के नीचे छुप गया। इसी दौरान आकाशीय बिजली गिर गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। खेत पर काम कर रहे लोग कुछ देर बाद वहां पहुंचे और उसे जमीन पर पड़े देखकर तुरंत जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही पूरे गांव में शोक का माहौल बन गया। मृतक के परिवार में माता-पिता, पत्नी और बच्चे शामिल हैं। पड़ोसी और ग्रामीण इस हादसे की भयावहता देखकर हैरान रह गए। शनिवार सुबह जिला अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम किया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और बताया कि यह एक दुर्भाग्यपूर्ण प्राकृतिक घटना थी।

उप स्वास्थ्य केंद्र बंद पाये जाने पर बीएमओ को नोटिस जारी

अशोकनगर। कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा शुक्रवार को तहसील चंदेरी के ग्राम बांकलपुर के भ्रमण के दौरान उप स्वास्थ्य केन्द्र बंद पाये जाने पर बीएमओ चंदेरी डॉ.प्रशांत दुबे को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। बताते चले कि कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा शुक्रवार को ग्राम बांकलपुर पहुंचे थे, जहां उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा उनकी समस्याएं जानी थी। तो वहीं निरीक्षण के दौरान उप स्वास्थ्य केंद्र बंद मिला था।

वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी की 2 वेतनवृद्धि रोके जाने के निर्देश जारी

अशोकनगर। कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड चन्देरी रविन्द्र यादव की 2 आगामी वार्षिक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने हेतु आदेश जारी किया गया है।

उल्लेखनीय है कि ईसागढ में विकासखण्ड स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान रविन्द्र यादव वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड चन्देरी प्रभारी विकासखण्डय ईसागढ़ से विभागीय योजनाओं तथा पंजीकृत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत हितग्राहियों कस्टम हायरिंग सेन्टर फार्मगेट एप पर रजिस्ट्रेशन एआईएफ के संबन्ध में जानकारी चाही गई थी। संबंधित द्वारा कोई जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई,इस हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। नोटिस का जबाव समाधानकारक नहीं पाये जाने पर मप्र सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) 1966 के नियम-10 के अन्तर्गत लघुशास्ति अधिरोपित कर दो आगामी वार्षिक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने हेतु आदेश जारी किया गया है।

सेवा पखवाड़ा अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित

प्रधानमंत्री के जन्मदिन के मौके पर चल रहा अभियान

नगरपालिका द्वारा प्रतिदिन कराये जा रहे आयोजन

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत नगर पालिका द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत शनिवार को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें स्वच्छता और नशा मुक्ति विषय पर आधारित चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति के माध्यम से स्वच्छ भारत का सपना साकार करने तथा समाज को नशा मुक्त बनाने का संदेश दिया। रंग-बिरंगे चित्रों और सारगर्भित निबंधों के माध्यम से छात्रों ने यह स्पष्ट किया कि स्वच्छता केवल जिम्मेदारी नहीं,

बल्कि जीवनशैली का हिस्सा होनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालयों के शिक्षकों और अभिभावकों ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। नगर पालिका अधिकारियों ने छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता और नशा मुक्ति जैसे विषय समाज की प्रगति और आने वाली पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य से जुड़े हुए हैं। प्रतियोगिता पूर्ण होने के पश्चात विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों की प्रतिभा और प्रयास की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कलेक्टर की अध्यक्षता में चंदेरी महोत्सव की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में विगत दिवस हैण्डलूम पार्क चन्देरी में चन्देरी महोत्सव के आयोजन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर द्वारा सनसेट डेजर्ट के प्रतिनिधि प्रणव सिंह को शीघ्र अपना कार्यक्रम तैयार कर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। एमपीआईडीसी के सौरभ कपूर द्वारा चन्देरी साडी के एक्सपोर्ट प्रमोशन एवं बायर-सेलर मीट के संबंध में की गई तैयारी से अवगत कराया गया। बताया गया कि अगले सप्ताह में एमपीआईडीसी द्वारा एक वर्कशॉप का आयोजन सेता पखवाडा अवधि में किया जायेगा। फैशन शो के आयोजन हेतु वायु सुक्ता इण्डिया एवं एमपीआईडीसी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर सहमति दी जाकर उनके माध्यम से फैशन शो आदि के बारे में चर्चा की गई।

जब कोई काम करो तो वह पूरी ताकत के साथ करना चाहिए : सुधासागर महाराज

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। संस्कारित शिक्षा को बढ़ावा देने वाले पाठशालाओं का अखिल भारतीय सम्मेलन शनिवार को परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज क्षुल्लक श्री गम्भीर सागर महाराज, क्षुल्लक श्री वरिष्ठ सागर, क्षुल्लक श्री विदेह सागर महाराज ससंघ के सान्निध्य में प्रात: काल की वेला में मंगल कलश स्थापना, दीप प्रज्जवलन, चित्र अनावरण के साथ प्रारंभ हुआ। कलश स्थापना करने का सौभाग्य पवन जैन पत्रकार के परिवार को प्राप्त हुआ। तो वहीं जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल, महामंत्री राकेश अमरोद, कोषाध्यक्ष



सुनील अखाई, मंत्री संजीव भारिल्य, मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार, आडिटर सजंय केटी, थूवोन कमेटी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू, महामंत्री मनोज भैसरवास सहित अन्य प्रमुख जनो द्वारा किया गया

जब कोई काम करो तो पूरी ताकत लगा कर करना :

अधिवेशन के प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने कहा कि दुनिया में वस्तु व्यवस्था एक ऐसा स्वरूप लिए बैठी है जहां हर वस्तु अपने आप में नियत है। भाग्य से बढ़कर और समय से पहले किसी को कुछ नहीं मिलता, जिनके ऐसे विचार तुम्हारे जिंदगी का सबसे अशुभ विचार है तुम्हारी जिंदगी का सारा पुण्य भस्म हो जाएगा। कुछ सत्य ऐसे होते हैं जिन्हें लोक में अपवाद माना जाता है सत्य भी अशुभ होता है असत्य को बताना जरूरी नहीं है, सत्य को बताने से पहले उसको जानना जरूरी है जब कोई काम आप ने पूरी ताकत लगाकर करने के बाद भी सफलता ना मिले तब सन्तोष के लिए भाग्य की बात कही गई है। तुम अपने काम अपने भरोसे करना भगवान के भरोसे रहकर कोई काम मत करना, भगवान का नाम लेकर काम करना, भगवान ने तो कोई काम किया नहीं और हम उनसे काम कराना चाह रहे हैं।

अंदर जहर होने में हमें कोई ऐतराज नहीं है वह ज़हर साम को जिंदा रखना है :

उन्होंने कहा कि सांप के अंदर जहर होने में हमें कोई ऐतराज नहीं है वह ज़हर साम को जिंदा रखना है संकटों से बचाता है, लेकिन यदि जब वह जहरीला सांप किसी को काट ना ले तब खतरा है हम अज्ञानी है संसार में इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है एक अंधा व्यक्ति लालटेन लेकर सड़क पर चल रहा है किसी व्यक्ति ने पूछा आपको जब दिखता ही नहीं है फिर ये लालटेन किस लिए लेकर चल रहे हो तब अंधा व्यक्ति कहता है कि ये लालटेन मैं अपने लिए नहीं बल्कि सामने से आ रहे आंखो वाला व्यक्ति ना टकरा जाये इसलिए लालटेन लेकर चल रहा हूं आप लोगों को पाठशाला रुपी लालटेन इसलिए दे रहे हैं कि कोई आपसे ना टकरा जाये।

आयोजन

श्री गया प्रसाद कलाकार मंडल द्वारा सुभाषगंज स्थित रामलीला मंच पर किया जा रहा है आयोजन

रामलीला में हुआ नारद मोह व रावण दिग्विजय संवाद का मंचन

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। सुभाषगंज स्थित रामलीला मंच पर श्री गयाप्रसाद कलाकार मण्डल द्वारा रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। जिसके दूसरे दिन लीला मे सर्व प्रथम भगवान गणेश जी की आरती हुई, फिर रामायण जी की आरती के बाद भगवान शिव की आरती की गई। आरती का गायन राकेश पाठक द्वारा किया गया। लीला के दौरान नारद मोह और रावण दिग्विजय की लीला दिखाई गई।

शुक्रवार की रात हुई रामलीला में नारद मोह की बहुत ही मनमोहक लीला दिखाई गई। जिसमें नारद जी को अभिमान हो जाता हैं उसे दूर करने के लिए भगवान विष्णु माया नगरी की रचना करते हैं माया में पढ़कर नारद जी शादी करने की हट करते है और भगवान विष्णु से उनका

सुंदर रूप मांगते हैं। भगवान विष्णु द्वारा उन्हें वानर का रूप दिया जाता है जिससे क्रोधित होकर नारद भगवान विष्णु को मनुष्य का रूप धारण करने का श्राप देते है। इस तरह नारद मोह का मनमोहक मंचन किया गया, जिसे श्रोताओं ने बहुत सराहा। इसके बाद रावण, कुंभकरण, मेघनाथ ने ब्रह्मा जी की तपस्या कर उनसे वरदान मांगे। वरदान लेने के बाद रावण द्वारा तीनों लोगों को जीतने की लीला में रावण दिग्विजय की लीला दिखाई गई। जिसमें रावण के अत्याचारों का मंचन किया गया। साथ ही मेघनाथ द्वारा सभी देवताओं को बंदी बना लिया, रावण द्वारा मेघनाथ को इंद्रजीत नाम दिया गया और इसी के साथ लीला का समापन किया गया। इस दौरान श्री गया प्रसाद कलाकार मंडल के अध्यक्ष राव यादवेंद्र सिंह, सचिव प्रिंस सिंघई द्वारा मंच का संचालन किया गया। रामायण जी का वाचन पंडित चंद्र मोहन मिश्रा द्वारा किया गया। लीला मे नारद का पात्र रामकुमार शर्मा, विष्णु नारद का पात्र आर्यन शर्मा, शंकर नारद का पात्र राजीव शर्मा, ब्रह्मा नारद का पात्र सतीश शर्मा, रावण नारद का पात्र प्रदीप शर्मा, कुंभकरण नारद का पात्र अशोक शर्मा, विभीषण नारद का पात्र वीर सिंह जाट, मेघनाथ नारद का पात्र राज नारायण शर्मा द्वारा निभाया गया।

न्यायालयः प्रथम जिला न्यायाधीश मुंगावली, जिला अशोकनगर (मप्र)

(पीठासीन अधिकारी- अजय नील करोटिया)
मोटर दुर्घटना क्लेम प्र.क्र. एम.ए.सी.सी-06/2024
नियत दिनांक 06.11.2025
आदेशिका क्रमांक 608/ 17-09-2025

आवेदक : -नाबा.बाबू उर्फ कार्तिक पुत्र राजू जाति रजक, सरपरस्त व संरक्षक माता श्रीमति सुषमाबाई पत्नि राजू रजक, निवासी-ग्राम कर्र थाना पिपई, जिला अशोकनगर (मप्र)

अनावेदक :- महेश जनक पुत्र जनक सिंह, निवासी वार्ड क्रमांक-12, जमननगर, काला बाग पंचायत हरदूखेड़ी थाना गंजबासौदा, जिला विदिशा (मप्र)

-::सूचना-पत्र::-

नाबा. बाबू उर्फ कार्तिक पुत्र राजू, जाति रजक, सरपरस्त व संरक्षक माता श्रीमति सुषमाबाई पत्नि राजू रजक ने आपके विरूद्ध इस न्यायालय के समक्ष क्लेम आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 166, 140 मोटर यान अधिनियम के तहत प्रकरण संस्थित किया गया है।

एतद् द्वारा आपसे से अपेक्षा की जाती है कि आप इस न्यायालय में नियत दिनांक 06.11.2025 को प्रात:11:00 बजे दावे के उत्तर देने एवं उन सब दस्तावेजों को पेश करें जिन पर अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता या अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित रहें, जिन्हें प्रकरण के संबंध में समस्त अवश्यक जानकारी दी गई हो।

नियत तिथि को अपके अनुपस्थित रहने पर प्रकरण में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण में आगामी कार्यवाही की जावेगी।

नियत दिनांक को यदि न्यायालय हेतु अवकाश घोषित हो जाता है, तो अगले कार्यदिवस में प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

आज दिनांक 16.09.2025 को इस न्यायालय की पदमुद्रा, हस्ताक्षर से जारी किया

(अजय नील करोटिया)
प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश मुंगावली, जिला-अशोकनगर (म.प्र.)